


## मेष

**01 से 06 जुलाई तक**-माह का प्रारम्भ **शुभदायक** है। आप नये मकान की खरीददारी या पुराने मकान का जीर्णोद्धार करवाने का विचार करेंगे। लाभ के कोई खास अवसर नहीं मिलेंगे। अनुचित कार्यो को त्याग दें अन्यथा **अपमान** का सामना करना पड़ेगा। आप **लक्ष्मी भाग्योदय दीक्षा** ग्रहण करें। उन्नति का मार्ग प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹ 1500**

**07 से 13 जुलाई तक**- यह सप्ताह आपके अनुकूल रहेगा। लोग आपका मान-सम्मान करेंगे। **धनागमन** होगा। अपना घर व्यवस्थित करेंगे। स्वयं के व्यक्तित्व में निखार लाने का प्रयास करेंगे। संतान **प्रेम-प्रसंग** में पड़ सकते है। आप उनके भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आप उन्हें **सरस्वती दीक्षा** दिलवा दीजिये। स्वयं चिंतन कर आपकी बात मानेंगे।

**न्यौछावर ₹ 1800**

**14 से 20 जुलाई तक**- समय आपके प्रतिकूल है। कार्य में बार-बार रूकावट आयेंगी। व्यवसाय की वृद्धि हेतु विपणन में मनोविज्ञान का सहारा लेंगे। भौतिक ऐश्वर्य के **साधनों** में वृद्धि होगी। पति पत्नी के बीच प्रेम बढ़ेगा। आप **विघ्न विनाशक गणपति कवच** धारण करें। कार्यों में सफल होंगे। **न्यौछावर ₹ 450**

**21 से 31 जुलाई तक**-स्वास्थ्य में कमी आ सकती है। खान-पान पर नियंत्रण रखे और मौसम के अनुसार भोजन करें। लोगों के बीच शत्रु आपकी निंदा करेंगे जिससे आप मानसिक पीडा से ग्रसित रहेंगे। समय व्यर्थ में नष्ट होगा। आप **बगलामुखी कवच** धारण करें। शत्रु मुंह खोलने की हिम्मत नहीं करेगा। **न्यौछावर ₹ 450**

**शुभ तिथियां 14,19,23,28**



## वृष

**01 से 06 जुलाई तक**- माह की शुरूआत अच्छी नहीं रहेगी। बनता हुआ काम रूक जायेगा। कार्यालय में अधिकारी से डांट सुननी पड़ सकती है। आपका भरोसेमंद व्यक्ति **विश्वासघात** कर सकता है। पति-पत्नी के बीच गलतफहमियां होने की आंशका है। आप **विन्ध्यवासिनी दीक्षा** ग्रहण करें, परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी। **न्यौछावर ₹ 1500**

**07 से 13 जुलाई तक**-व्यापार के विकास हेतु कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय लेंगे, जिसका प्रतिफल आपको शीघ्र ही मिलेगा। किसी जरूरतमद व्यक्ति की मदद करेंगे। आनेवाला धन बीच में ही फंस जायेगा। विद्यार्थियों के लिये समय शुभदायक है, दिन-रात मेहनत करने का प्रतिफल प्राप्त होगा। घर-परिवार के बीच खुशियां फैलेगी। आप घर में **पारद गणपति** का स्थापन करें। बाधायें दूर होकर सफलता प्राप्त होगी। **न्यौछावर ₹ 600**

**14 से 20 जुलाई तक**-कार्यालय में कुछ नवीन नियमों से आप चिंतित रहेंगे। भविष्य के लिये कोई अच्छा निवेश ढूंढेंगे। संतान द्वारा कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। धार्मिक कार्यकलापों की ओर आकर्षित होंगे। पुत्र के लिये **गृहस्थ सौभाग्य वृद्धि साधना** उपयुक्त रहेगी।

**21 से 31 जुलाई तक**- सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद किसी की मध्यस्ता से हल होगा। भाई-बहन के बीच मधुरता बढ़ेगी। खान-पान पर नियंत्रण रखें और योग, प्राणायाम अपनाइये, स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा। घर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहेगा। बच्चे मौज मस्ती करेंगे। खरीददारी में खर्च होगा। आर्थिक बजट बिगड़ सकता है।

**शुभ तिथियां 11,12,18,21**



## मिथुन

**01 से 06 जुलाई तक**- माह की शुरूआत **शुभ** रहेगी। सम्पर्क का दायरा बढ़ायेंगे जो आगे **लाभदायक** साबित होगा। घर परिवार की ओर ध्यान दे पायेंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते है। मन प्रसन्नचित रहेगा। व्यवसाय में इच्छित फल प्राप्त होगा। कार्यालय में कम मेहनत से ही अधिक नाम कमा लेंगे।

**07 से 13 जुलाई तक**- ससुराल पक्ष से मदभेद हो सकता है। घर में बुजुर्ग को लेकर अस्पताल का चक्कर काटना पड़ सकता है। आकस्मिक धन हानि होगी जिससे आर्थिक बजट बिगडेगा। काम और परिवार के बीच संयम रखना मुश्किल होगा। आप शत्रु रूपी **बाधाओं** को वज्र की तरह प्रहार करने वाली **वज्रेश्वरी शत्रु बाधा निवारण दीक्षा** ग्रहण करें परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी।


**न्यौछावर ₹ 1500**

**14 से 20 जुलाई तक**-धन के मामले में आप सफल होंगे। समाज या गुरू सेवा में आप व्यस्त रहेंगे। कवि, लेखक, पत्रिका सम्बन्धित लोग अपने कार्य में सफलता हासिल करेंगे। स्थानांतरण का योग बन रहा है। आप **कालसर्प दोष निवारण महामृत्यंजय लॉकेट** धारण करे अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होगी।

**न्यौछावर ₹ 900**

**21 से 31 जुलाई तक**-उच्च अधिकारीयों का सहयोग प्राप्त होगा। दफ्तर में आपका **मान-सम्मान** बढ़ेगा। **विद्यार्थी वर्ग** अपनी पढ़ाई पर **लापरवाही** न करे। शुरू से ही योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई करने से परीक्षा के समय में घबराने की जरूरत नहीं रहेगी। पति-पत्नी के बीच प्रेमभाव बढ़ेगा। किसी से वाद-विवाद हो सकता है, छोटा-मोटा नुकसान भी होने की संभावना है।

**शुभ तिथियां 16,18,21,25**



## कर्क

**01 से 06 जुलाई तक-** मास का आरम्भ उन्नति प्रद रहेगा। आप पूर्ण **आत्मविश्वास** के साथ आगे बढ़ेंगे। आपकी रचनात्मक कला का विकास होगा। आप कठिन परिश्रम करेंगे और उसके अनुसार फल भी प्राप्त होगा। कुछ लोग आपको किसी के विरूद्ध भड़कायेंगे, परन्तु आप अपनी बुद्धि व विवेक का उपयोग करें। किसी **संत, महापुरूष** से **आशीर्वाद** प्राप्त करेंगे। **पूजा, पाठ, साधना** आदि में व्यस्त रहेंगे।

**07 से 13 जुलाई तक-** समय आपके प्रतिकूल है। आकस्मिक **धन हानि** हो सकती है। हर निर्णय सोच विचार करने के बाद ही लें अन्यथा नुकसान होगा। आप में ईर्ष्या का भाव पैदा होगा। कार्य के सम्बन्ध में आपको व्यर्थ ही भटकना पड़ सकता है। पति-पत्नी के बीच **गलतफहमियां** हो सकती है। आप **त्रिपुर सुन्दरी दुरस्थिति नाशिनी दीक्षा** ग्रहण कर विकट परिस्थितियों से बचेंगे। **न्यौछावर ₹1800**

**14 से 20 जुलाई तक-** व्यवसाय गति पकड़ेगा। घर-परिवार के बीच मधुरता बढ़ेगी। खान-पान पर नियंत्रण रखें और बाहरी खाना त्याग कर दें शरीर स्वस्थ रहेगा। यात्रा के दौरान **दुर्घटना** होने की आशंका है। इसलिये आप घर से निकलते समय शुभ समय देखकर घर से निकले और आप **जगदम्बा रक्षा कवच** धारण करे, सुरक्षित रहेंगे। **न्यौछावर ₹950**

**21 से 31 जुलाई तक-** लंबे समय से फंसा हुआ काम पूर्ण हो जायेगा। आप अत्यन्त दयालु होने के कारण बिना सोचे लोगों की मदद करेंगे मगर कुछ लोग आपकी इस आदत का फायदा उठा सकते है। आपके परिवार में कोई **मांगलिक कार्य** की योजना बन सकती है। लोगों से सम्पर्क बढ़ेगा। आप **महादेव कुबेर धन लक्ष्मी साधना** सम्पन्न करें।

**न्यौछावर ₹1500**

**शुभ तिथियां 02,21,21,30**



## सिंह

**01 से 06 जुलाई तक-** माह का आरम्भ मिश्रित फलों से युक्त रहेगा। बाकी परेशानियों से तो कुछ राहत मिल ही जायेगी, परंतु आर्थिक परेशानी वैसे की वैसे ही रह जायेगी। आप तनाव, नकारात्मक चिंतन से ग्रस्त हो सकते है, जिससे आप बहुत दुःखी हो जायेंगे और अपने कार्य पर पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे इससे मन उदास रहेगा। आप **भुवनेश्वरी दीक्षा** ग्रहण करें। आय का स्त्रोत खुलेगा।

**न्यौछावर ₹1800**

**07 से 13 जुलाई तक-** आप कोई महत्त्वपूर्ण विषय पर काम करेंगे। व्यापार संबन्धित आपकी गुप्त बातें उजागर हो सकती है। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। तीसरे व्यक्ति के कारण पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद हो सकता है। युवा वर्ग अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे। आपके लिये **गृहस्थ सौभाग्य शक्ति वृद्धि साधना** उपयुक्त रहेगी। **न्यौछावर ₹1800**

**14 से 20 जुलाई तक-** समाज सेवा में लगे रहेंगे। मेहनत के अनुसार फल प्राप्त होगा। जमीन-जायदाद सम्बन्धी मसले किसी बुद्धिमान व्यक्ति की मध्यस्थता से हल होंगे। सरकारी कार्यों में खर्च आ सकता है। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। नौकरी में स्थितियां थोड़ा तनावपूर्ण ही रहेगी।

**21 से 31 जुलाई तक-** कोई **अशुभ घटना** घटित होने का योग बन रहा है। शत्रु इस समय सक्रिय रहेंगे, सावधान रहें। निवेश करने से पहले अच्छी तरह से विचार कर लें अन्यथा नुकसान होने की संभावना है। यदि कहीं यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं, तो समय अनुकूल है। आप **कालसर्प दोष निवारण महाकाल महामृत्युंजय लॉकेट** धारण करें, परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी।

**न्यौछावर ₹1500**

**शुभ तिथियां 09,14,16,21**



## कन्या

**01 से 06 जुलाई तक-** माह की शुरूआत **शुभदायक** रहेगी। कहीं से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। इस समय असंभव कार्य भी संभव हो जायेगा। आप लक्ष्य को हासिल करने हेतु कड़ी मेहनत करेंगे। मित्रों के साथ कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। **आध्यात्मिक** जीवन में रूचि बढ़ेगी। आप के लिये हर बाधा का सामना करते हुये लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु **सम्मोहन दीक्षा** अति आवश्यक है। **न्यौछावर ₹1800**

**07 से 13 जुलाई तक-** समय आपके प्रतिकूल है। घोर कष्ट की प्राप्ति होगी। व्यवसाय में रूकावट आयेगी जिससे धन का नुकसान होगा। आपकी शत्रु के सामने हार होगी। माता-पिता से अनबन हो सकती है। कार्यालय में काम बोझ अधिक रहेगा और सहकर्मी से भी सहयोग नहीं मिलेगा। **मानसिक तनाव** से ग्रसित हो उठेंगे। जिससे आपका स्वास्थ पर भी बुरा असर पड़ेगा। आप अपनी बाधाओं के निवारण हेतु आप **बटुक भैरव दीक्षा** ग्रहण करे, परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहेगी।

**न्यौछावर ₹1800**

**14 से 20 जुलाई तक-** सरकारी कार्य सफल होगा। मित्रों के सहयोग से आप फिर खड़े होंगे। बिगड़े कार्य सुधरेंगे। जनसम्पर्क बढ़ेगा। धन प्राप्ति हेतु किये गये प्रयास सफल होंगे। रियल एस्टेट से लाभ प्राप्त हो सकता है। अधिक भाग दौड़ के कारण शरीर थक जायेगा, स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**21 से 31 जुलाई तक-** समय अनुकूल रहेगा। आप माता-पिता की जरूरतों को पूर्ण करेंगे। व्यवसाय में अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। पुराना फंसा हुआ धन प्राप्त होगा। अकारण ही किसी विवाद में फंस सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखना अति आवश्यक है।

**शुभ तिथियां 04,09,11,15**

## तुला



**01 से 06 जुलाई तक-** माह का प्रारम्भ सामान्य रहेगा। इस समय आप कुछ महत्त्वपूर्ण निर्णय लेंगे। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। अपने आप को पहचानने की कोशिश में रहेंगे। साधक, शिष्य गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर अपने गुरू से मिलेंगे। आप **मनोकामना पूर्ति दीक्षा** ग्रहण करें, इच्छायें पूर्ण होगी।

**न्यौछावर ₹1100**

**07 से 13 जुलाई तक-** व्यक्तित्व विकास संगोष्ठी में भाग लेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यालय में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेंगे, जिससे आर्थिक लाभ बढ़ेगा। किसी भी क्षेत्र में सफल होने हेतु **वाक् चातुर्य** आवश्यक है। आप **सरस्वती वाक् चातुर्य साधना** सम्पन्न करे।

**न्यौछावर ₹450**

**14 से 20 जुलाई तक-**समय आपके प्रतिकूल है। आपकी मेहनत **असफल** हो सकती है। पूरा कोशिश करने के बाद भी कोई रास्ता नहीं निकलेगा। किसी को जरूरत से ज्यादा विश्वास न करें, नुकसान हो सकता है। आपका ध्यान लक्ष्य पर रहेगा। प्रभावशाली लोगों का साथ रहेगा। परिवार के साथ सामंजस्य बनाकर चलेंगे।

**21 से 31 जुलाई तक-** प्रतिस्पर्द्धा में आपकी जीत होगी। कैरियर से जुड़े जातकों के लिये यह समय सुखद रहेगा। आपको मनचाही कामयाबी प्रयास करने पर अवश्य मिल सकती है। पत्नी के साथ ताल-मेल बिठायेंगे। कोई **अशुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। इस समय किसी को उधार न दें। ईश्वर की कृपा से आपकी कमजोरियां दूर होगी। धन आगमन होगा। किसी महत्त्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे उन्नति का मार्ग दिख जायेगा। मौसम के अनुसार भोजन करें।

**शुभ तिथिया 02,08,13,27**

## वृश्चिक



**01 से 06 जुलाई तक-** माह का आरम्भ ठीक नहीं है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, दुर्घटना होने की संभावना है। अकारण भय से आप परेशान रहेंगे। **नकारात्मक चिंतन** भी हावी होंगे। इस परिस्थिति से बचने के लिये **पूजा-पाठ, साधना** आदि सम्पन्न करेंगे। आप गुरूदेव के शरण में जाकर **गुरू तत्व स्थापन दीक्षा** ग्रहण करें। श्रेष्ठ विचार, आत्म प्रकाश प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹1100**

**07 से 13 जुलाई तक-** पुराना फंसा हुआ काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति के मदद से पूर्ण होगा। बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान रखें। शत्रु आप पर षड्यंत्र रच कर विफल होंगे। पति-पत्नी के बीच तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। आप **कामदेव रति मुद्रिका** धारण करें, एक नया जोश, आत्मीय प्रगाढ़ता निर्मित होगी।

**न्यौछावर ₹240**

**14 से 20 जुलाई तक-** जान-पहचान वालों से आप प्रेम व मेल-जोल बढ़ायेंगे। नौकरी में आपका मान-सम्मान करेंगे। अपरिहार्य खर्च आयेगा। आर्थिक बजट बिगडेगा। रिश्तेदार इस समय आपसे नजरें चुरायेंगे। मन थोड़ा सा विचलित व डांवाडोल रहेगा। मित्र आपकी मदद करेंगे। आप **प्रत्यंगिरा वेगवती महालक्ष्मी दीक्षा** ग्रहण करें, आर्थिक समस्या हल होगी।

**न्यौछावर ₹950**

**21 से 31 जुलाई तक-**भाग्योन्नति को लेकर आप नई-नई संभावनायें तलाशेंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। पुराने दिनों को याद करके थोड़े से भावुक हो उठेंगे। आप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। आपकी मनोकामना पूर्ण होगी। कमर दर्द से आप पीडित रहेंगे। योग, प्राणायाम के साथ **धनवन्ती साधना** संपन्न करे, राहत मिलेगी। **न्यौछावर ₹950**

**शुभ तिथियां 01,05,09,25**

## धनु



**01 से 06 जुलाई तक-** माह की शुरूआत सामान्य रहेगी। विद्यार्थियों के लिये समय लाभदायक है। इच्छित कॉलेज में सीट मिलेगी। नये लोग, नये वातावरण में आप उत्साहित रहेंगे। पैतृक सम्पति को लेकर भाइयों से हल्का-फुल्का विवाद हो सकता है। मनोकामना पूर्ति हेतु आप ईश्वर का आश्रय लेंगे। आप **नारायण मनोकामना पूर्ति दीक्षा** ग्रहण करें, अंजाम आपके पक्ष में होगा। **न्यौछावर ₹1500**

**07 से 13 जुलाई तक-**आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सरकारी कार्य की पूर्ति हेतु सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आपका स्वाभिमान ही आपको आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करेगा। एकान्त में रहना आप पसंद करेंगे। आप **पारद मुद्रिका धारण** करें, सम्मोहन में वृद्धि होकर कार्य सिद्धि होगी। **न्यौछावर ₹240**

**14 से 20 जुलाई तक-** मेहमान का आगमन होगा। खरीददारी के लिये बाहर जा सकते है। मनोरंजन आदि में धन व्यय होगा। बच्चो के साथ मौज मस्ती करेंगे। घर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहेगा। नौकरी मे आया असमंजस दूर होगा। लडकियां अपने सौन्दर्य को बढ़ाने में आतुर रहेंगी। आप **स्वर्णावती अप्सरा गुटिका** धारण करें, पूर्ण सौन्दर्य प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹240**

**21 से 31 जुलाई तक-** समय आपके अनुकूल नहीं है। आमदनी बढ़ाने में प्रयासरत रहेंगे पर विफल होंगे। व्यवसाय में अनावश्यक व्यय को नियंत्रण करने में सफल होंगे। दफ्तर में उच्च अधिकारी आपकी काम में निष्ठा के कारण आपसे खुश रहेंगे। इससे आपका प्रमोशन भी हो सकता है। आप **अष्टलक्ष्मी साधना** सम्पन्न करें। **न्यौछावर ₹1500**

**शुभ तिथियां 02,06,08,26**



## मकर

**01 से 06 जुलाई तक-** माह का प्रारम्भ **प्रतिष्ठावर्द्धक** रहेगा। किसी समारोह में मुख्य अतिथि होकर शामिल होंगे। सर्वलाभकारी दिवस है। नौकरी में पदोन्नति पाने के लिये प्रयासरत रहेंगे, प्रतिस्पर्धा कठिन रहेगी। शत्रु आपको नुकसान पहुँचाने की चेष्टा करेंगे। आप पर कोई आरोप लगेगा। आप **ज्वालामुखी दीक्षा** ग्रहण करें, अंजाम आपके पक्ष में होगा।


**न्यौछावर ₹1500**

**07 से 13 जुलाई तक-** अचानक कुछ गंभीर परेशानियां उभर सकती है। मानसिक तनाव रहेगा। मित्र, शुभ चिंतक आपके आत्मबल को दृढ़ करेंगे। **समस्या** को जड़ से निर्मूल करेंगे। धन कमाने के सारे अवसर आप भुनायेंगे। जिस कार्य में आप हाथ डालेंगे, सफलता हासिल करेंगे। घर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहेगा। अधिक भाग-दौड के कारण शरीर में थकावट महसूस करेंगे। योजनाबद्ध तरीके से काम करना श्रेयस्कर रहेगा।

**14 से 20 जुलाई तक-**कोई आपके साथ विश्वासघात कर सकता है। सावधान रहे समय आपके अनुकूल नहीं है। किसी से झगड़ा हो सकता है। रक्तचाप की समस्या उभर सकती है। आपको अपनी जीवन-शैली को निश्चित रूप से सुधारना होगा। कुछ भौतिक वस्तुयें प्राप्त होगी। कला के क्षेत्र में आप सफल होंगे। मन में सत्यनिष्ठा रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**21 से 31 जुलाई तक-** समय शुभदायक है। अविवाहित युवक-युवती की विवाह संबंध की बात आगे बढ़ेगी। घर के मामले में पुनर्निर्माण का कार्य शुरू होगा। आप पहले से अधिक परिश्रम करेंगे। श्रेष्ठ जीवनसाथी हेतु **शिवगौरी** योग्य वर-वधु प्राप्ति दीक्षा ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹1800**

**शुभ तिथियां 02,18,25,26**



## कुंभ

**01 से 06 जुलाई तक-**माह का आरम्भ **लाभदायक** रहेगा। नौकरी में किये गये कार्य का सुफल इस समय प्राप्त होगा। आपको **परेशानियों** का सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन में अप्रसन्नता रहेगी। आपकी सही बात को भी लोग गलत समझेंगे। कहीं **धार्मिक यात्रा** पर जा सकते है। आप **रसेश्वर दीक्षा** ग्रहण करें। शांति प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**न्यौछावर ₹1100**

**07 से 13 जुलाई तक-**भविष्य को ध्यान में रखते हुये आप जमीन-जायदाद में निवेश करेंगे। किसी दस्तावेज में हस्ताक्षर करने से पहले पूरा पढ़ें या विशेषज्ञ से सलाह लें। संगीत, अभिनय से जुड़े लोगों के लिये समय उत्तम है। आप मधुश्रवा साधना सम्पन्न करें। विख्यात होने का अवसर प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹1100**

**14 से 20 जुलाई तक-**समय **शुभदायक** है। बच्चों से संबंधित कोई महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न होगा। सरकार की तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। अपने आप को गौरवान्वित महसूस करेंगे। परिवार को आप प्राथमिकता देंगे। इस समय की यात्रा लाभदायक होगी। आप दूसरों के काम में हस्तक्षेप करना पसंद नहीं करेंगे न ही दूसरा व्यक्ति आपके काम में हस्तक्षेप करेगा।

**21 से 31 जुलाई तक-** आप दुनिया को नये नजरिये से देखेंगे। आप कठोर परिश्रमी होने के कारण सफलता आपकी पैर छूयेंगी। आप अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। **शनि भगवान** आपको तकलीफ देंगे। आप अपमानित हो सकते हैं। बच्चों की तरफ से कोई आकस्मिक धनहानि होगी जिससे आर्थिक बजट बिगडेगा। आप **महाबाहु हनुमान कवच** धारण करे, विकट परिस्थितियों से बच सकते है।

**न्यौछावर ₹300**

**शुभ तिथियां 01,05,24,28**



## मीन

**01 से 06 जुलाई तक-** माह का प्रारम्भ **तनावपूर्ण** हो सकता है। आपके किसी प्रिय व्यक्ति की कही बात से आपको गहरी चोट पहुंचेगी। परिवार के सदस्य **अस्वस्थ** रहने के कारण आप चिंतित रहेंगे। आकस्मिक धन हानि भी हो सकती है। मन की शांति हेतु किसी तीर्थस्थल पर जायेंगे। आप **महाकाल महामृत्युंजय दीक्षा** ग्रहण करे। **न्यौछावर ₹950**

**07 से 13 जुलाई तक-** समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। काम में कोई गलती होने की संभावना है, सतर्क रहें। विवादों से दूर रहना श्रेयस्कर है। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं होने से मन पसंद स्कूल या कॉलेज में दाखिला नहीं मिलेगा। आर्थिक स्थिति **कमजोर** रहेगी। आप **ज्येष्ठा लक्ष्मी साधना** सम्पन्न करे, समस्या हल होगी। **न्यौछावर ₹1500**

**14 से 20 जुलाई तक-** आप **नकारात्मक विचारों** का अभ्यास करने से ही नकारात्मक विचार समाप्त होंगे। बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आप कड़ी मेहनत से अपनी मनोकामना पूर्ण करेंगे। यह विस्तार और विकास का उत्तम समय हो सकता है। दिन शुभदायक रहेगा।

**21 से 31 जुलाई तक-** व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नये लोगों से सम्पर्क स्थापित करेंगे। आपको कुछ **प्रतिस्पर्द्धी** का सामना करना पड़ेगा। संतान की शिक्षा, विवाह, कैरियर से सम्बन्धित कार्यो में बाधायें उत्पन्न करेगा, सामाजिक मान-सम्मान में ह्रास होगा, बेटी के ससुराल से तरह-तरह की शिकायतों से अनेक समस्याओं का जन्म होगा। अदृश्य **शत्रु** पैदा होंगे। आप **बगलामुखी कवच** धारण करें, शत्रु आपका अहित करने में असमर्थ हो जायेगा। **न्यौछावर ₹450**

**शुभ तिथियां 01,21,23,27**